




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 347 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 05 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## अब डिजिटल जारी होंगे ड्राईविंग लायसेंस और रजिस्ट्रेशन कार्ड, आदेश जारी

**भोपाल, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** परिवहन विभाग अब ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन कार्ड प्रिंट करके नहीं देगा। दोनों व्यवस्थाएं ऑनलाइन रहेंगी। प्रक्रिया के बाद अधिकारी के डिजिटल साइन किए हुए ई-लाइसेंस और ई-रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी होंगे। इन्हें ऑनलाइन दिखा सकेंगे या प्रिंट निकालकर साथ रख सकेंगे। आरटीओ प्रदीप शर्मा का कहना है कि गजट नोटिफिकेशन के साथ ही परिवहन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। यह व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू हो गई है।

मध्यप्रदेश के लोगों के लिए परिवहन विभाग एक नई व्यवस्था लेकर आया है। अब लोगों के ई-ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के ई-रजिस्ट्रेशन कार्ड परिवहन विभाग खुद जारी करेगा। इसमें आरटीओ का अहम रोल है। क्योंकि, बिना आरटीओ के हस्ताक्षर और सहमति के ये जरुरी दस्तावेज जारी नहीं हो पाएंगे। बता दें कि ऐसा करने के पीछे की बड़ी वजह स्मार्ट चिप कंपनी है। कंपनी द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन कार्ड को प्रिंट करने से मना कर दिया गया है। जिसके बाद परिवहन विभाग ने ये नया नियम लागू किया है।

नोएडा की स्मार्ट चिप कंपनी वर्ष 2002 से काम कर रही है। समय सीमा पूरी होने पर जून 2024 में कंपनी को फिर एक्सटेंशन दिया। इसके बाद कंपनी और विभाग के बीच सितंबर तक काम की सहमति बनी। हालांकि 30 सितंबर को समय सीमा से पहले परिवहन विभाग के सचिव सीबी चक्रवर्ती ने स्मार्ट चिप कंपनी का कार्यकाल 31 दिसंबर तक बढ़ाने के संबंध में आदेश भी जारी किए। लेकिन, 88 करोड़ रूपए के भुगतान में देरी होने से कंपनी ने काम बंद कर दिया। जिसके बाद परिवहन विभाग ने ये नया नियम लागू किया है।

### यह करना होगी प्रक्रिया...

✻ ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने या फिर इसे रिन्युअल कराने के लिए सारथी पोर्टल पर जाए। ✻ सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। ✻ इसके बाद आपको ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। ✻ टेस्ट में पास होने के बाद आपकी फोटो खींची जाएगी। ✻ जांच के बाद आरटीओ द्वारा ऑनलाइन अप्रूवल दिया जाएगा। ✻ आवेदक के मोबाइल पर एसएमएस के जरिए लिंक भेजी जाएगी। ✻ लिंक में आवेदक को आईडी नंबर और डीओबी भरनी होगी। ✻ इसके बाद आवेदक ड्राइविंग लाइसेंस डिजिटल रूप में अपलोड कर सकेंगे, डीएल और आरसी को एक से अधिक बार भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

# कलेक्टर को कलेक्टर, नहीं समझ रहा जिला आपूर्ति विभाग



**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर में गुमटियों के अलावा राशन दुकानों पर भी कई नेताओं का कब्जा है। दुकान संचालक अधिकांश लोग किसी न किसी दल या बड़े नेता से जुड़े हुए है। जिले में 60 प्रतिशत लोग सरकारी अनाज पर निर्भर है। इसी से सरकारी राशन की हेराफेरी का खुलासा हो जाता है। अब बात करें जिम्मेदार विभाग जिला आपूर्ति विभाग की। अधिकारी दुकानों का निरीक्षण करने तक की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। कलेक्टर के दो तीन निर्देशों के बाद सिर्फ थोड़ी बहुत औपचारिकता निभाई जाती आ रही है। पूर्व कलेक्टर गौतमसिंह ने अधिकारियों से सप्ताह में तीन बार राशन दुकानों का निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद आए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने भी राशन दुकानों की हेराफेरी को लेकर टीएल में विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके पूर्व में भी कई कलेक्टर इस मामले में सख्त निर्देश जारी कर चुके हैं। लेकिन, दुकानों का निरीक्षण नहीं हो रहा। यहीं कारण है कि राशन की दुकानों का अनाज बाजार तक पहुंच रहा है।

### बपौती की तरह दुकानें...

कोई भी सरकारी ठेका या सरकारी काम, समय-समय पर किसी दूसरे ठेकेदार या व्यक्ति के पास जाते हुए देखा गया है। लेकिन, राशन की दुकानें तो मानो जैसे बपौती हो गई। जिले में 90 प्रतिशत को देखा जाए तो उन पर एक ही व्यक्ति या उसके रिश्तेदार सालों से काबिज है। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि एक व्यक्ति की दो से तीन दुकानें चल रही है। इसी से उसकी प्रतिमाह की इनकम का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन दुकानों पर सालों से वही लोग जमे हुए है। इधर बात करें कार्रवाई की तो भाजपा सरकार हो या कांग्रेस सरकार, दोनों ही राशन की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है।

### दस हजार से ज्यादा कमाई नहीं, आमदनी लाखों में...

दुकान संचालकों को शासन के नियमानुसार सोसायटी चलाने वाले को नौ हजार रुपए और भंडार चलाने वाले को साठ रुपए प्रति क्विंटल अनाज पर कमीशन मिलता है। इस तरह से इनकी कमाई दस हजार रूपए से ज्यादा नहीं हो सकती। अधिकांश दुकान संचालकों का कोई दूसरा व्यापार व्यवसाय दुकानों के अलावा नहीं है। इसके बाद भी सालों से राशन दुकान चलाने वालों के घर का गुजारा ही नहीं चल रहा। इसके बाद भी सालों से दुकानों पर कई नेता और रसूखदार जमे होकर अच्छा खासा लिवींग स्टैंडर्ड मेंटेन कर रहे हैं। इसी से एक दुकान से आर्थिक रूप से मिलने वाले लाभ का पता लगाया जा सकता है। सबसे ज्यादा कमाई कॉलोनियों या रिहायशी एरिया की राशन दुकानों में है। एक से डेढ लाख रुपए प्रतिमाह राशन की दुकान संचालित करने वाले यह लोग कमा रहे हैं। अधिकारियों की भी हिम्मत नहीं है कि वहां जाकर कोई रिकॉर्ड चेक कर ले या सवाल जवाब कर ले।

### नेताओं का रसूख, अधिकारियों की दुकान से दूरी



# किसान को चोर समझकर किसानों की भीड़ ने पीटा

**पिपलियामंडी, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। चोरी की आशंका में किसानों की भीड़ द्वारा एक वृद्ध किसान को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। किसान को पीटने के बाद जब कृषि उपज मंडी में सीसीटीवी चेक किए तो पता चला जिसे किसानों की भीड जिसे चोर समझकर पीट रही है वह किसान था, जो उपज लेकर कृषि मंडी आया था। पुलिस ने किसान से मारपीट करने वाले तीन किसानों के खिलाफ केस दर्ज किया।**

### पुलिस ने तीन किसानों पर दर्ज किया केस

जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति को किसानों ने भीड़ ने जमकर पीटा, किसानों का आशंका थी कि उक्त व्यक्ति ने हमारे लहसुन के ढेर से लहसुन चुराई और अलग से ढेर लगा दिया। पिटाई के बाद उसे कृषि मंडी ले गए। जिसमें सीसीटीवी चेक किए तो पता चला कि जिसे किसानों की भीड़ चोर समझकर पीट रही है वह किसान है। जो प्रातः 11 बजे बाइक से एक बोरी लहसुन लेकर कृषि उपज आया था। सीसीटीवी में किसान बाइक से लहसुन की बोरी उतारे हुए भी दिखा। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कृषि उपज मंडी पहुंची। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया बोतलगंज निवासी किसान नरेन्द्र पिता प्रहलाद जैन से मारपीट करने वाले कोटा क्षेत्र के किसान सत्यनारायण, जितेन्द्र व गणेश के खिलाफ पुलिस ने 296, 115, 351, 3/5 बीएनएस में केस दर्ज किया।

## मामला रजवाड़ी ढाबा संचालक पर फायरिंग का...

# मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार, चार की तलाश, दो पिस्टल जप्त





**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बीती 02 अक्टूबर की रात नई आबादी थाना क्षेत्र के रजवाड़ी ढाबे के संचालक पर गोली चलाकर जान से मारने की कोशिश की गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि, चार की तलाश जारी है। पुलिस ने दो पिस्टल भी जप्त की है। बताया जाता है कि किसी सगाई कार्यक्रम को लेकर मुख्य आरोपी शिवराजसिंह और कृष्णपालसिंह के बीच अनबन चल रही थी। इसी के चलते ढाबा संचालक कृष्णपालसिंह की हत्या का प्लान बनाया गया था।

बता दें कि 02 अक्टूबर को फोरलेन बायपास मार्ग स्थित रजवाडी ढाबे के संचालक कृष्णपालसिंह पिता लक्ष्मणसिंह निवासी टोलखेड़ी पर हमलावरों ने देशी पिस्टल से फायर किया। इस हमले में कृष्णपाल सिंह के बाएं पैर की जांघ पर गोली लगी। जिसे उपचार हेतु बड़े अस्पताल मंदसौर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में धारा 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने बताया कि मामले में शिवराजसिंह उर्फ भोमु पिता विक्रमसिंह राजपुत निवासी चांदाखेडी को गिरफ्तार किया गया। जिससे प्रकरण में पूछताछ करते उसके द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर अपने साथी राकेश पिता मोहनलाल नायक निवासी ग्राम चोकी थाना रिंगनोद जिला रतलाम, पंकज पिता ईश्वरलाल मीणा व रोहित पिता बालमुकुंद मीणा निवासी ग्राम लसुड़िया ईला थाना दलौदा के साथ मिलकर कृष्णपालसिंह के ऊपर जान से मारने की नियत से गोली चलाकर मोके से भाग गए थे। आरोपी राकेश पिता मोहनलाल नायक निवासी ग्राम चोकी थाना रिंगनोद जिला रतलाम को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त दो देशी पिस्टल मय दो जिंदा राऊण्ड के आरोपी शिवराज व राकेश की निशांदेही से पृथक-पृथक जप्त की गई है। पुलिस ने बताया कि मामले में पंकज, रोहित, पिस्टल सप्लाय करने वाले महेंद्रसिंह निवासी बेहपुर और एक अन्य राजपालसिंह निवासी चांदाखेड़ी की भी तलाश की जा रही है।



# हरियाणा-राजस्थान की मेवात गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार

## नलजल योजना के 30 लाख रूपए कीमती पाइप भी जब्त, पाइप फैक्टरी में लूट की बना रहे थे योजना

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय की नई आबादी थाना पुलिस ने हरियाणा और राजस्थान की अंतर्राज्यीय मेवाती गैंग के चार बदमाशो को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नल जल योजना के 30 लाख रूपए के पाईप बरामद किए गए है। इसके अलावा इनके पास से तीन प्लास्टिक की कैन में भरी अवैध कच्ची हाथ भट्टी की शराब, एक आईशर ट्रक, एक लोहे की धारदार तलवार एवं लाल मिर्च पाऊडर पैकेट, एक लोहे की टामी, दो लम जप्त किए गए है। आरोपियों को लूट की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने



बताया कि यहां से आशु पिता खुर्शीद मेवाती उम्र 48 साल निवासी फुलवास थाना तिजारा जिला केथल हरियाणा, नाबीद पिता खुर्शीद मेवाती उम्र 26 साल निवासी फुलवास थाना तिजारा जिला केथल हरियाणा, मोहम्मद सैफ पिता आशु मेवाती उम्र 20 साल निवासी फुलवास थाना तिजारा जिला केथल हरियाणा और अली मो. पिता जैतुन मेव उम्र 30 साल निवासी जयसिंहपुरा थाना बडोदामेव जिला अलवर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।आरोपियों के कब्जे से चोरी के 30 लाख रूपए कीमती पाईप व एक आईशर ट्रक किमती 20 लाख रुपये एवं 60 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की अवैध शराब जप्त की गई एवं लूट में उपयोग आने वाला असला और औजार जप्त किए है। आरोपी मेवात हरियाणा की अन्तराज्यीय गैंग बनाकर ट्रक लेकर लगातार रैकी करते है तथा जहां पर नल जल योजना के पाईप मिलते है। उनको रात्री में चुराकर ट्रको में भर लेते थे। आरोपियो द्वारा थाना भानपुरा, थाना रतनगढ़ तथा बड़वानी जिले के नांगलवाडी थाना क्षेत्र से चोरी की वारदाते करना कबुला है। आरोपियो से जप्त पाईप आरोपियो द्वारा नांगलवाडी बडवानी थाना क्षेत्र से चोरी किए है तथा वापसी पर मंदसौर से गुजरते हुए सीतामऊ रोड स्थित पाईप फैक्ट्री पर लूट की योजना बना रहे थे। इसी बीच पुलिस ने मुखबीर सूचना पर बदमाशो को दबोच लिया।

### पुलिस गाड़ी खराब, बदमाशों को पैदल कोर्ट ले गए...

फायरिंग और लूट की योजना बनाने वाले बदमाशो को पुलिस न्यायालय में पेश करने के पहले मेडिकल के लिए बड़े अस्पताल ले गई। जहां पुलिस की गाड़ी खराब होने से टीआई वरूण तिवारी सहित पुलिस बल बदमाशो को अस्पताल से कोर्ट तक पैदल लेकर गई। यह भी कहा जा सकता है कि पुलिस ने बदमाशो को जुलूस निकाला।

# हमारी सरकारें मिलावटी खाद्य सामग्रियों से अपने ही नागरिकों को बचा पाएगी..?

**मंदसौर/उज्जैन, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** 140 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या वाले भारत देश की सरकार अपने नागरिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना तो दूर देश के ही कानून अनुसार उनके स्वास्थ्य, खाद्य जीवन सुरक्षा जैसे मूल अधिकारों पर संज्ञान लेगी! दूसरे राष्ट्रों की तरह अपने नागरिकों के साथ देश स्वास्थ का अहित करने वालों पर कानूनी शिकंजा कसेगी ! यह सवाल इसलिए उठाया जा रहा है कि अज्ञात मामलों को पहले उजागर करना पड़ता है। जबकि, जाहिर मामलों में भी सरकार की नजरअंदाजी चिंता का विषय बनती जा रही है। इसी साल की शुरुआत में भारत के ख्याति प्राप्त मसाले में जानलेवा एथलीन ऑक्साइड मिला होने के कारण कई देशों की सरकार ने एवरेस्ट, एमडीएच जैसे अनेक मसाले अपने देश में प्रतिबंधित कर दिए हैं। और जो स्टॉक में था उसे जहाजों में लदवाकर वापस भेजा गया। स्पष्ट है कि इन राष्ट्रों ने अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को बिगड़ने से बचाने के लिए ऐसा किया है। गंभीर चिंता का विषय है कि यही मिलावटी मसाले भारत में खुलेआम आज भी बिक रहे हैं और भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी कर रहे हैं।



चन्द्रमोहन भगत

एक सप्ताह पहले ही इंदौर में 5500 लीटर नकली घी पकड़ाया था। निर्माता शनि इंटरप्राइजेज के पास लाइसेंस भी नहीं था। पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि नकली घी बनाने में अनेक प्रकार के वसा की अनियंत्रित मात्रा मिलावट की जाती है, जिसको पचाना मुश्किल होता है। यह लीवर हृदय और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने सैंपल राज्य प्रयोगशाला भिजवा दिए हैं। यह भी बताया कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार लीटर मिलावटी घी सप्लाय किया जा चुका है। बाजार में हानिकारक मिलावट वाली हर प्रकार की खाद्य सामग्री का विक्रय इतना फैल चुका है कि शायद ही कोई उपभोक्ता मिलावटी खाद्य सामग्री से बच पाता होगा। जिले के खाद्य एवं सुरक्षा विभाग तथा केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन को अपनी पूरी क्षमता सक्रियता से परीक्षण प्रक्रिया में शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र की दुकानों की सामग्रियों तक बढ़ना होगा। तभी जानलेवा मिलावट खोरी का कारोबार उजागर हो सकेगा। साथ ही स्वास्थ्य संगठनों द्वारा आम लोगों में खाद्य पदार्थ में मिलावट के प्रति जागरूकता लाना होगी। क्योंकि, दैनिक उपयोग की आम वस्तुओं में मिलावट को आम संवाद में निश्चित ही माना जाने लगा है।

जैसे दूध में मेलामाइन और डिटर्जेंट, पाउडर जैसे मसाले में लेडक्रोमेट की मिलावट से लकवा मस्तिष्क आघात बांझपन, कैंसर, जैम, जूस कैंडी में गैर अनुमति प्राप्त रंग कैंसर जनित रहते हैं। ऐसे ही सब्जियों में कीटनाशक केल्शियम कार्बाइड, सोडियम साईक्लामेट ताजा रखने और पकाने के लिए तो मांसाहार में कहीं ताजा दिखाने के लिए तो कहीं वजन बढ़ाने के लिए घातक फार्मेलिन पदार्थ मिलाया जा रहा हैं। ऐसा हर जगह भरपूर हो रहा है और नागरिक उपभोक्ता भरपूर उपयोग भी कर रहे हैं। कारण बहुत साफ है कि वह अनजान है और परीक्षण करने वाले सरकारी विभाग उतने सक्रिय नहीं है, जीतने होना चाहिए। अत: उपभोक्ताओं को लगता है जो बाजार में बिक रहा है वह मानक श्रेणी का ही होगा। अगर विभागीय कारवाइयां होती रहे तो उपभोक्ता भी सतर्क होने लगेगा।

और अंत में अगर दूसरे राष्ट्रों की तरह हमारे मतों से बनने वाली सरकार अपने नागरिकों की सेहत की चिंता गंभीरता से पाल ले तो ऐसे खतरों से जान बचेगी, देश भी स्वस्थ हो जाएगा। खाद्य मिलावट मामले में इंदौर दुग्ध संघ के अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल ने कहा है कि घी में हैडरोजनेट तेल और वेजिटेबल फैट मिलाया जा रहा है। पैकेट पर कुकिंग मीडियम घी जैसा स्वाद और घी की तस्वीर छपी होती है। बहुत ही बारीक अक्षर में अवयव लिखे होते हैं जो पढ़ने मे भी नहीं आते हैं। पूजा घी लिखकर भी बेचा जा रहा है।

# क्रेटा कार से डेढ़ क्विंटल डोडाचूरा, एक गिरफ्तार दूसरा फरार



तीन दिन के रिमांड पर आरोपी

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना पुलिस ने दलौदा-बिलात्री रोड हाईस्कूल के पास से एक क्रेटा कार से 1 क्विंटल 43 किलो 800 ग्राम अवैध डोडाचूरा जप्त किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। इधर गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसका तीन दिन का रिमांड मिला है। अब पुलिस उससे मामले में विस्तृत पूछताछ कर रही है। जबकि, दूसरे फरार आरोपी को तलाश रही है।

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान क्रेटा कार तुमड़ावदा तरफ से आती देखाई दी। पुलिस को देख थोड़ी दुरी पर कार चालक ने कार रोकी। कार चालक वाहन छोड़कर भागते दिखा। इसके बाद पुलिस कार के पास पहुंची। पेसेंजर सीट पर एक व्यक्ति ने पुलिस को देख भागने की कोशिश की। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जब वाहन को चेक किया गया तो उसमें 7 काले रंग के कट्टे मिले। चेक करते उनमे डोडाचुरा भरा मिला। कार से उतर कर भागने वाले व्यक्ति को ढुंढने की पुलिस ने कोशिश की। लेकिन, अंधेरा होने के साथ बारिश के कारण वह भाग निकला। पुलिस ने बताया कि गाड़ी में मिले आरोपी ने अपना नाम भागीरथ पिता भगवान राम विश्नोई उम्र 32 साल निवासी डिगांव की ढाणी ग्राम करडा थाना करडा जिला सांचोर राजस्थान बताया है। वहीं फरार आरोपी सुभाष विश्नोई निवासी भीनमाल के आसपास जालोर का है। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 29 के तहत प्रकरण दर्ज कया है।

# संतों के हाथों से गरबा समितियों को वितरीत की माता की तस्वीरे

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला धार्मिक उत्सव समिति मंदसौर द्वारा शारदेय नवरात्रि पर्व के पहले दिन भव्य समारोह आयोजित कर पूज्य संतों के हाथों से 51 गरबा समितियों को माताजी की तस्वीरे भेंट की गई इस अवसर पर सर्वसमाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। शहर की अग्रणी सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय संस्था जिला धार्मिक उत्सव समिति की इस अच्छी पहल से एक सुंदर संदेश दिया है।

समिति के प्रमुख विनोद मेहता व विनय दुबेला ने बताया की शहर के समाजसेवियों के सहयोग से माताजी की तस्वीरे वितरित की गई। सर्वप्रथम पूज्य संतों द्वारा माताजी की तस्वीरों की मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर आरती की गई। इस अवसर पर महंत रामकिशोरदास महाराज ने कहा की नवरात्रि पर्व माता की भक्ति का बहुत बड़ा पर्व है। माता अपने भक्तों पर सदैव कृपा बरसाती है। एक साथ 51 गरबा समितियों को माताजी की तस्वीरे भेंट किए जाने का यह कार्य प्रशंसनीय है। अनिता दीदी ने कहा की जिला धार्मिक उत्सव समिति अपने नाम के मुताबिक कार्य कर रही है। सभी उत्सव में जिला धार्मिक उत्सव समिति समाज के सभीजन को साथ लेकर कार्य कर रही है। गरबा समितियों को समाजसेवियों के सहयोग से माताजी की तस्वीरे वितरित करने का यह पुनीत कार्य बहुत अच्छी पहल है। संतों के आशीर्वचन के बाद मंदसौर शहर व आसपास के क्षेत्रों से आए सभी गरबा मंडलों को संतों के हाथों से माताजी की तस्वीर भेंट की गई।

**इन गरबा मंडलों को भेंट की गई माता की तस्वीरें –** नर्वदेश्वर महादेव गरबा समिति ग्राम भटरेवास, बालाजी गरबा मंडल बड़वन फंटा, जगतपुरा गरबा मंडल मंदसौर, नवदुर्गा गरबा मंडल समिति इंदिरा कालोनी होली चौक मंदसौर, मां शीतलामाता गरबा मंडल टोडी सीतामऊ फाटक मंदसौर, मां आशापुरा सेवा समिति ग्राम नई फतेहगढ़, नवशक्ति गरबा मंडल कुनी जिला प्रतापगढ, साटिया बस्ती गरबा मण्डल कालाखेत, जोगनिया माता गरबा मण्डल समिति इंद्रा कालोनी, अंबे माता गरबा मंडल समिति नईआबादी निरधारी, शंकर विहार गरबा मण्डल मंदसौर, जय मां भेषासुरी गरबा मंडल बेलारा, नवकार उत्सव समिति नवकार टाउनशिप कॉलोनी मन्दसौर, नव दुर्गा गरबा मंडल गांव बाहदरी, श्री रामजानकी समिति पीपल चोक गांव पडलियालाल मुंहा, श्री शीतला माता गरबा मंडल समिति इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 2 कोयला फैक्ट्री के पास मंदसौर, नवदुर्गा गरबा मंडल लालघाटी, नवयुवक गरबा मंडल सेमली, सार्वजनिक नवयुवक गरबा मंडल केशवपुरा मंदसौर, जय भवानी



गरबा मंडल कोयला फेक्टरी बालाजी मंदिर, नवयुवक गरबा मण्डल गांव देवरी, मंडलेश्वर गरबा मण्डल दावतखेडी, खोखली माता गरबा मण्डल श्रीनाथ विहार, शीतला माता गरबा मंडल, सोमेश्वर महादेव मंदिर कर्मचारी कॉलोनी मंदसौर, भादवा माता गरबा मंडल रीवा देवड़ा रोड मंदसौर, मां भवानी गरबा मंडल मंदसौर, फतेहगढ गरबा मंडल, श्री राम नवदुर्गा गरबा मंडल राम टेकरी, कालका माता गरबा समिति खानपुरा, मां गरबा मंडल समिति लालाखेड़ी, पालडिया मारू गरबा मंडल समिति, नवदुर्गा गरबा समिति गांधीनगर, श्री सांवरिया गरबा मंडल अफजलपुर, मां दुर्गा गरबा मंडल कलाखेत, मां अंबे गरबा मंडल मंदसौर, सिद्धेश्वर महादेव गरबा मंडल नरसिंहपुर, श्री राम गरबा समिति बापचिया, जय मां अन्नपूर्णा देवी गरबा मंडल खजुरिया सारंग, देवनारायण गरबा मंडल साबाखेड़ा, अन्नपूर्णा गरबा मंडल नरसिंहपुरा, नयागांव जटिया, मोहल्ला, श्री राम मंदिर नवयुग गरबा मंडल धोबी मोहल्ला खानपुरा, नवदुर्गा मंडल शखेश्वर नगर अभिनंदन कॉलोनी, जनता कॉलोनी गरबा मंडल मंदसौर, माथुर कॉलोनी गरबा मंडल मंदसौर, इंदिरा कॉलोनी गरबा मंडल मंदसौर, अभिनंदन नगर गरबा मंडल मंदसौर, आदि गरबा समितियां को माता जी की तस्वीर भेंट की गई।

इस अवसर पर अनिल कियावत, पंडित विष्णु शर्मा, पंडित दिलीप व्यास, मोहनलाल लोहार, शैलेन्द्र सिंह राठौर सिंह, वर्दीचंद कुमावत, विनोद मेहता, सुभाष गुप्ता, शोकि शंकर ककनानी, मिलिंद ज़िल्लेवार, राजाराम तंवर, आर के पोरवाल, राजेंद्र चाष्ठा, राजू कुमावत, नेमीचंद राठौर, मोहन सिंह राजावत, अशोक पालीवाल, ललित माछीवार, महेश वैष्णव, नरेश परमार, विजय परमार, अजय भाटी, बंटी लोड, बाबूलाल लोहार, कमलेश नागदा, गोविंद नागदा, गोपाल सिंह राजावत, राजेश चौहान, हरीश सालवी, रवि ग्वाला, गोविंद सुरा, हेमंत सुरा, राजेश पाठक, प्रवीण व्यास, भीम सेन डाबी, पंकज जेशी, मोहन लुहार, राजेश अडानीया, हरिराव जाधव, नंदकिशोर राठौर, संतोष जैन, निरंजन भारद्वाज, राजेंद्र कल्याणी, ओमप्रकाश सोनी, प्रदीप सोनी, घनश्याम सोनी, रमेशचंद डिडवानिया, दृष्टानंद नेनवानी, कन्हैयालाल सोनगरा, रुपनारायण मोदी, सूरजमल गर्ग, मांगीलाल शर्मा, घनश्याम बटवाल, राकेश भाटी, बर्जेश जोशी, विनोद जाट, नरेन्द्र त्रिवेदी, राजेश चाहुजा, मुकेश आर्य, मुकेश शर्मा, देवेंद्र राव, सुरेश भावसार राजेंद्र पोरवाल, प्रदीप गुप्ता, जितेंद्र व्यास, अनिल सूरा, शत्रुंजय सोनी, महेश सोलंकी, अनूप माहेश्वरी, गायत्री प्रसाद शर्मा, अजय सोनी, नटवर पारीख, नवीन भावसार, जम्बू नलवाया, दिलीप जैन, वैभव राठौर, घनश्याम सिंह तोमर, बंशीलाल टाक, भावनदास मघनाणी, विजय चौधरी अनिल कसेरा जगदीश, पंकज बिसलरी, कालू लाल जाट, राधे कीर, बाबु साटिया, पंडित सुभाष शर्मा, ललीत चोहान, संतोष गोसर, राजेश बड़ौलिया, संदीप खेची, पप्पू सिंह, लखन दास, घनश्याम पांडा, अंशु चौहान, रामरतन कुमावत, राजेश गोस्वामी, गोपाल बागडी, सुनील सेन, दशरथ अहिरवार, हरीश बाना, करण सिंह परिहार, लोकेश गुर्जर, मुकेश सेमली, नटवर वर्मा, लोकेन्द्र सिंह कालूसिंह, बसंतीलाल चौहान, गोपाल मीणा, कमल माहेश्वरी, नरेन्द्र सिंह जितेंद्र सिंह, पंकज बैरागी, कान्हा वर्मा, महेश धनगर, जीतेन्द्र सिंह पवार, शैलेश शर्मा, धर्मेंद्र परासिया, धर्मेंद्र जटिया, मुकेश धनगर, अशोक धनगर, बद्रीलाल, गोपाल राव, राम सिंह बापचिया, लखन ग्वाला, कमल, रोहित सुरा, योगिता बैरागी, बाबू परिहार, रतनलाल चौहान, चरण दास बैरागी, मोहनलाल गुर्जर, भगवतीलाल बोरीवाली, बाबा पंचोली, महेंद्रसिंह, शंभुसेन राठौर, जशवंतसिह होकम, राणा गजेंद्रसिह, राजेश अडानिया, बालकृष्ण भट्ट, मुकेश चनाल, नंदकिशोर राठौर, जगदीश वसुनिया, रविप्रतापसिंह बुंदेला, दिलीप दुबे, अनिल गुप्ता, निर्मला गुप्ता, शशि झलोया, आरती दवे, अल्पना राठौर, राजेश माली, दीपक माली, वैभव राठौर, राजू परिहार आदि उपस्थित थे। यह जानकारी प्रेम ग्वाला व भगवानदास मगनानी द्वारा दी गई।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जल संवर्धन, स्वच्छता, व पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 6 अक्टूबर 2024, रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे श्री हनुमान मंदिर, पानी की टंकी, सुशासन भवन मार्ग, मेघदूतनगर, मन्दसौर से प्रारम्भ होकर सम्पूर्ण मेघदूतनगर क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात: 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल श्री हनुमान मंदिर, पानी की टंकी, सुशासन भवन मार्ग, मेघदूतनगर, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।



## विधायक ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**मनासा, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नव निर्मित मनासा सिविल हॉस्पीटल में मॉ दुर्गा की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि से डायलिसिस की सेवा प्रारंभ हो गई है। इस अवसर पर विधायक अनिरुद्ध माधव मारु ने हॉस्पीटल पहुंच निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल्द ओपीडी, प्रसव एवं अन्य उपचार सभी सेवाएं सिविल हॉस्पीटल में शुरू होगी। मानव सेवा के लिए बना यह हॉस्पीटल अत्याधुनिक संसाधनों एवं चिकित्सकों की नियुक्ति साथ विधानसभा क्षेत्र के लिए समर्पित होगा। जल्द इसका लाभ सभी को मिलेगा। साथ में मण्डल अध्यक्ष कैलाश जी पुरोहित, परसराम वर्मा बीएमओ डॉक्टर भायल, अस्पताल के कर्मचारी रहे।



# शतप्रतिशत बच्चों को मीजल्स एवं रूबेला का टीका अवश्य लगाए-चन्द्रा

## एमआरअभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने दिये निर्देश

**नीमच, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को मीजल्स एवं रूबेला का टीका अवश्य लगाएं। कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने टीकाकरण की समीक्षा बैठक दिए। कलेक्टर श्री चन्द्रा ने कहा, कि एम.आर.अभियान को जन आंदोलन बनाना है तथा यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चें को एम.आर.का सुरक्षा कवच प्राप्त हो। समीक्षा में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के कुछ स्थानों पर एम.आर. टीककरण का कवरेज अपेक्षानुसार कम पाये जाने पर कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त दल बना कर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर, टीकाकृत करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया, कि ऐसे क्षैत्रो की सूची अनुविभागीय अधिकारी को भी उपलब्ध करावे और इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग प्राप्त करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आगामी सप्ताह में ग्रामीण क्षैत्रों में पंचायती राज प्रतिनिधि एवं नगरीय क्षेत्र में पार्षद की कार्यशाला आयोजित कर उनका सहयोग प्राप्त करे। जिससे शतप्रतिशत बच्चों का टीकाकरण हो सके।

बैठक मे विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डा.रितेश बजाज ने बताया, कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है, कि दिसम्बर 2024 तक मीजल्स एवं रूबेला का उन्मूलन किया जाना है, इसके लिये शतप्रतिशत बचो् का टीकाकरण किया जाना आवश्यक है। जिला टीकाकरण अधिकारी डा.बी.एल. सिसोदिया ने बताया, कि उक्त टीकाकरण में प्रथम टीका 09 से 12 माह एवं दूसरा टीका 16 से 24 माह में लगाया जाता है। कलेक्टर श्री चन्द्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि इस अभियान में बच्चों के पालको का सहयोग प्राप्त करने के लिये होमवर्क बुक मे इस आशय का नोट लिखे एवं स्कूलों में संकल्प अभियान चलाए। महिला एंव बाल विकास विभाग दर्ज बच्चों के टीकारकरण के लिए बचो् एंव पालकों को प्रेरित करे। कलेक्टर ने एक माह मे शतप्रतिशल उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए।



## सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आज मल्हारगढ़ नगर परिषद में वार्ड 8 की पार्षद सोनम वाल्मीकि द्वारा 25-30 स्थानीय सफाई कर्मचारियों के साथ धरना दिया।सफाई कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि 80 हजार रूपये लेकर ग्रामीण क्षेत्र के 4-5 कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गयी।और आगे बताया गया कि मल्हारगढ़ नगर परिषद के एक पार्षद द्वारा लगभग 8 सफाई कर्मचारियों से लगभग 90 हजार रूपये लेकर स्थायी नियुक्ति करने का आश्वासन दिया।लेकिन वे सफाई कर्मचारी अभी तक स्थायी नही हुए। इस संबंध में सभी सफाई कर्मचारीयों ने मल्हारगढ़ नगर परिषद में धरना दिया। व मल्हारगढ़ अनुविभागीय अधिकारी(डव्च्र) को ज्ञापन दिया।डव्च्र रविंद्र परमार ने कहा कि जो भी ज्ञापन में कहा उस पर जांच करवारकर जो भी कार्यवाही होगी वो करेंगे। साथ हीं इस ज्ञापन के माध्यम से सफाई कर्मचारियों द्वारा चेतावनी दी गयी कि अगर हमारी मांगे पूरी नही हुयी तो हमारे द्वारा आने वाले सोमवार को भूख हड़ताल की जावेगी।



## छात्राओं ने की सड़क जाम

**नाहरगढ़, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के शासकीय कन्या उमावि की छात्राओं ने प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। स्कूल में शिक्षकों का स्थानांतरण हो गया है। अब स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी हो गई है। जिसको लेकर छात्राएं कचनारा रोड पर हाथ में बैनर लेकर बैठ गई। नारेबाजी करते हुए शिक्षकों का स्थानांतरण रोकने की मांग की गई। उधर प्रदर्शन के दौरान वाहनों की कतार लग गई। जिससे आवागमन बाधित हुआ। इधर छात्राएं कलेक्टर को बुलाने की मांग करती रही। इसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद छात्राओं का प्रदर्शन खत्म हुआ।

# लाखों महिलाओं की भागीदारी से सुपोषण की ओर बढ़ रहा मध्यप्रदेश

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में 97 हजार से अधिक आँगनवाड़ी, 73 लाख से अधिक हितग्राहियों को पोषण से संबंधित कई योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ लगातार दे रही हैं। ये सेवाएँ राष्ट्रीय खाद्य एवं सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत सतत बिना किसी व्यवधान के दी जा रही हैं। आँगनवाड़ी केन्द्रों में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित मात्रा में 12 से 15 ग्राम प्रोटीन और 500 कैलोरी, गंभीर कुपोषित बच्चों को 20 से 25 ग्राम प्रोटीन, 800 कैलोरी, गर्भवती धात्री माता को 18 से 20 ग्राम प्रोटीन और 600 कैलोरी तथा 14 से 18 आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को 18 से 20 ग्राम प्रोटीन और 600 कैलोरी प्रदाय किया जाता है।

**पोषण ट्रेकर एप–**बेहतर पोषण को जाँचने के लिये हर माह 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर की जाँच की जाती है। इस पूरी प्रक्रिया के सुचारु क्रियान्वयन के लिये भारत सरकार ने पोषण ट्रेकर एप तैयार किया है। मध्यप्रदेश की 97 हजार से अधिक आँगनवाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र में दर्ज हितग्राही और प्रतिदिन पोषण सेवाएँ लेने वाले हितग्राहियों की रियल टाइम मॉनीटरिंग पोषण ट्रेकर एप से कर रही हैं। पोषण ट्रेकर एप आँगनवाडी केन्द्रों में बच्चों/हितग्राहियों की उपस्थिति को रियल टाइम मॉनीटरिंग से दर्ज कराता है, जिससे पूरक पोषण आहार की माँग भी सुनिश्चित रहती है। माँग के आधार पर खाद्यान्न की मात्रा की उपलब्धता भी अंकित हो जाती है। पोषण ट्रेकर एप बहुत बड़े रोबस्ट आँकड़ों को सटीक और प्रभावी तरीके से आंकलित कर उपयोगी बना देता है। ग्रामीण क्षेत्र की बाल परियोजनाओं में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को सांझा चूल्हा के माध्यम से सुबह का नाश्ता तथा दोपहर का भोजन पृथक-पृथक मेनू के अनुसार पूरक पोषण आहार के रूप में दिया जाता है। शहरी क्षेत्रों में संचालित सभी आँगनवाडी केन्द्रों/उप आँगनवाड़ी केन्द्रों के 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को ताजे पके हुए पूरक पोषण आहार की व्यवस्था राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राज्य शहरी आजीविका मिशन में पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह एवं तेजस्विनी महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से की जाती है।

**1000 दिन–गोल्डन डेज़–** जीवन के प्रथम एक हजार दिनों को गोल्डन डेज़/विण्डो ऑफ आपर्चुनिटीज़ कहा जाता है। यह 9 माह की गर्भावस्था और 2 वर्ष तक के शिशु की अवस्था को कहा जाता है। गर्भावस्था में शिशु अपना विकास शुरू कर लेता है, जो प्रथम 2 वर्षों में तेजी से होता है। इस दौरान विकास सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक भी होता है। यही कारण है कि इस दौरान पोषण का महत्व बहुत बढ़ जाता है। सही पोषण इस विकास में तेजी लाता है, लेकिन पोषण में कमी न सिर्फ विकास में कमी ला सकती है, बल्कि बच्चे के विकसित हो रहे अंगों, बुद्धिमत्ता, शक्ति आदि को भी बाधित कर सकती है। इसमें महिला-बाल विकास विभाग द्वारा अहम भूमिका निभाते हुए पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रदेश में चलाया जा रहा पोषण कार्यक्रम वैज्ञानिक तरीके से क्रियान्वित है। शोध अनुसार भारतीय परिवेश में सुपोषण के लिये प्रोटीन और कैलोरी को भोजन के पूरक के रूप में दिये जाने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण माना गया है। इसके लिये मध्यप्रदेश के स्थानीय खाद्य पदार्थों सें निर्मित टेक होम राशन और ताजा पका भोजन आँगनवाडी केन्द्रों में प्रदाय किया जाता है। पूरक पोषण आहार प्रदाय को पूरी जागरूकता से चलाया जाता है और इससे मिलने वाले प्रोटीन और कैलोरी की मात्रा की जाँच भी विभिन्न परीक्षण-शाला से की जाती है।

# नवरात्रि में शक्तिपीठ आंतरी मां के दरबार में भक्तों का जन सैलाब उमड़ रहा

**नीमच, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर मनासा तहसील मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर मां आंतरी माता जी का मंदिर चमत्कारिक शक्तिपीठ के रूप में सुविख्यालत हैं। नवरात्रि के प्रथम दिवस मां शेल पुत्री के रूप में घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हुई। सुबह से देर रात्रि तक हजारों मां भक्तो ने मां भगवती आंतरी माता के दरबार में आकर दिव्य दर्शन किए। जनश्रुति के अनुसार मां भगवती आंतरी माता जी चितौड़गढ़ कालका से 1000 वर्ष पहले आतरी माता जी आई थी। स्वयं प्रतिष्ठित माता का यह दरबार मंदिर के मुख्य गर्भ गृह में मां भगवती आंतरी माताजी शेर पर सवार श्याम वर्ण मूर्ति और चन्द्रावत कुल की कुल देवी मां भगवती भवानी विद्यमान हैं। मंदिर के अंदर ही हनुमान जी विराजमान हैं। मंदिर के दक्षिण भाग में काल भेरू जी और उत्तर भाग में गौरी नंदन श्री गणेश विराजित है। मान्याता है, कि माता जब आई थी, तो माता का एक पैर रेतम नदी में और एक पैर माता के परिकर्मा मार्ग में विराजमान हैं। मन्दिर के परिक्रमा मार्ग में ही मंदिर के पीछे महावीर स्वामी विराजमान है, मां ने अपने अंगूठे के निशान पांचों अंगुलियों के निशान, कोहनी के निशान आज भी परिक्रमा मार्ग में देखने को मिलते हैं।



प्रकृति की आलौकिक छटा बिखेरे रेतम नदी के तट पर प्राचीन देवी मां का यह दरबार है। यहॉ गांधीसागर बांध का बेक वाटर मंदिर के तीनो और भर जाता है प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण आलौकिक नजारा इस मंदिर के दिव्य दर्शन कर, भक्त जन नौका विहार स्टिंबर बोट से घूमने का आनंद लेते हैं। पूरे वर्ष भर मां के भक्त इस चमत्कारी दरबार में दर्शन को आते है और अपनी मन्नत पूरी करते है। ग्राम आंतरी माता निवासी श्री फकीर चंद सोनी ने बताया, कि यहां मां के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर हँसते-हँसते मां को अपनी जीभ काटकर चढ़ाते है और पुन: मां की असीम कृपा से 9 दिनों बाद पूर्वानुसार प्राप्त करते है। 1974 में प्रथम भक्त जल्लारा नाहरगढ़ निवासी भेरूलाल दम्मामी ने जीभ काटकर चढ़ाई तब से यह सिलसिला शुरू हुआ, जो अनवरत चालू है। अभी तक यह आंकड़ा 6500 से अधिक हो गया हैं। वर्ष भर में सैकडों मां भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर जीभ काटकर चढ़ाते हे और पुन: अपनी जीभ को पाते हैं। माता की सेवा पूजा यहां राठौड़ परिवार द्वारा की जाती है। मां अहिल्याबाई होलकर ने इस मंदिर की सेवा पूजा के लिए पंडित पुजारी परिवार के लिए 500 बीघा जमीन की व्यकवस्था कर रखी हैं। नवरात्रि में मां भगवती के दरबार में 150के लगभग अखंड ज्योत 9 दिनों के लिए भक्तो द्वारा ज्योत जलाई गई हैं। नवरात्रि की नवमी को माता का विधिविधान से हवन यज्ञ होता हैं। प्रति दिन 9 बजे रात्रि धूमधाम से ढोल धमाके के साथ हजारों माता भक्त आरती में सम्मिलित होते हैं।

## जिला बॉस्केटबॉल संघ के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में लहराया परचम

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला बॉस्केटबॉल संघ मंदसौर के खिलाडी गुना में आयोजित हुई 68वीं राज्यस्तरीय शालेय बास्केटबाल प्रतियोगिता में आयोजित हुई प्रतियोगिता में परचम लहराकर मंदसौर लोटे जिनका स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। गुना में आयोजित बालक/बालिका 14 एवं 17 वर्ष की बॉस्केटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें जिला बॉस्केट बॉल संघ के खिलाड़ियों ने सहभागिता कर बालक 14 वर्ष में विराज सलोद सुमित सोलंकी ने सिल्वर मेडल, बालक 17 वर्ष में भविष्य कुमार ने सिल्वर मेडल, बालिका- 17 वर्ष में श्रुति राठौर ने गोल्ड मेडल, बालिका 14 वर्ष में अनुष्का भदौरिया ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया कर मंदसौर का नाम रोशन किया। कोच नरेंद्र सिंह सिसोदिया रहे। सभी खिलाड़ियों एवं कोच का मंदसौर रेल्वे स्टेशन पर बास्केटबाल बॉल परिवार बंसी राठौर सांसद प्रतिनिधि खेल युवा कल्याण विभाग, मनोज जैन भाजपा नेता, महेश सोलंकी जिला भाजपा सदस्य, रूपेश सोलंकी पत्रकार, संतोष परसाई, राहुल सैनी, गौरव मराठा, दीपांशु ग्वाला, हेमंत व्यास, अंकुर त्रिपाठी सहित जिला बास्केटबाल संघ के खिलाड़ियों ने पुष्पमाला के साथ स्वागत कर उन्हें बधाई दी।

## एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत निकाली रैली

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** एचआईवी/एडस जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला एडरोकथाम एवं नियंत्रण इकाई के द्वारा एचआईवी एडके प्रचार- प्रसार के लिए ग्राम गुराड़िया देदा में छात्र-छात्राओं द्वारा तख्तियां पर एचआईवी एड के संदेश लिखकर रैली निकाली गई। इसके पहले श्री जी कॉलेज आफ फार्मेसी में विद्यार्थियों को श्री राजेश रजक द्वारा एचआईवी एड के विषय में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को बताया कि एचआईवी एडकी अधिक जानकारी के लिए 1097 नंबर डायल करके प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य श्री विनोद पाटीदार, फार्मासिस्ट श्री चेनपाल सिंह राठौड़, लैब टेक्नीशियन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 33 | 2644 | 2731 |
| उड़द | 119 | 5001 | 7299 |
| सोयाबीन | 4700 | 3600 | 4800 |
| गैहु | 2908 | 2750 | 3180 |
| चना | 204 | 5400 | 7520 |
| मसुर | 180 | 5550 | 6161 |
| धनिया | 330 | 5101 | 6800 |
| लहसुन | 10900 | 11500 | 27400 |
| मैथी | 900 | 4900 | 5970 |
| अलसी | 900 | 5781 | 6301 |
| सरसो | 533 | 5600 | 6049 |
| तारामीरा | 9 | 4970 | 5070 |
| इसबगोल | 116 | 11802 | 13852 |
| प्याज | 1600 | 1500 | 4500 |
| कलोंजी | 5 | 12501 | 18300 |
| डॉलर | 28 | 9012 | 13441 |
| तिल्ली | 64 | 11870 | 12810 |
| मटरसुखी | 5 | 2706 | 6152 |
| असालीया | 53 | 10301 | 13161 |



## जलेबी के बीज (नुक्ति) एक व्यंग



जलेबी के बीज
थोक भाव ले जाइए
आज हो रहे हैं
हरियाणा में चुनाव
नेता के दिमाग में
आया एक सुझाव।
पार्टी को मिलेगी
बहुत बडी विक्ट्री
सोनीपत में लगेगी
जलेबी की फैक्ट्री।
सोनीपत की जलेबी
पूरे देश में जाएगी
अमेरिका जापान
को निर्यात की जाएगी।
एक व्यापारी ने
मौके को किया कैश
पार्टी में पहुंचाया
व्यापारिक संदेश।
जलेबी की फसल
पूरे देश में उगाइए
जलेबी के बीज
थोक भाव ले जाइए।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**

# पशुपतिनाथ महादेव मेला की व्यवस्थाओं को लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने पीआईसी सदस्यों के साथ किया विचार विमर्श

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का 62वां मेला भव्यतम रूप से आयोजित हो इसके लिये नपा परिषद ने प्रयास शुरू कर दिये गये है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल शुक्रवार को नपा परिषद मंदसौर के द्वारा आयोजित किये जाने वाले भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला की तैयारियों के संबंध में पीआईसी (प्रेसिडेंट इन कोंसिल) के सदस्यों के साथ चर्चा की और नपा के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा मेला आयोजन के संबंध में जो प्रारंभिक योजना बनाई गई है उसे पीआईसी केसमक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में पशुपतिनाथ मेला का ले-आउट प्रस्तुत किया गया।

पशुपतिनाथ महादेव मेला के संबंध में आयोजित हुई इस बैठक में नपा सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, निलेष जैन, श्रीमती कौशल्या बंधवार,



श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी, रमेश ग्वाला, श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, श्रीमती शांतिदेवी फरक्या, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह एवं नगरपालिका की विभिन्न शाखाओं के प्रमुख अधिकारीगण कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। बैठक में नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे व नपा के अधिकारियों कर्मचारियों ने पशुपतिनाथ महादेव मेला में लगने वाले अस्थाई बाजार का ले आउट जो कि लगभग फाइनल स्थिति में है उसे नपा के पीआईसी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष पशुपतिनाथ मेला में लगाई जाने वाली अस्थायी दुकानों का आवंटन पारदर्शी तरीके से हो इसके लिये विचार विमर्श किया गया और यह तय किया गया कि अस्थायी दुकानों के ऑफर आमंत्रित किये जायेंगे जो भी व्यक्ति या संस्थान अधिक राशि के ऑफर देकर दुकान प्राप्त कर सकता है अधिक तय राशि के ऑफर प्राप्त होने पर दुकान उसी को प्रदान की जायेगी। बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व नपा के सभापतिगणों को नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने बताया कि इस ले आउट के अनुसार मनीहारी की 383, साफ्टी की 36, होटल रेस्टोरेंट के 83, झूले की 56 एवं जनरल दुकानों के लिये 78 भूखण्ड रहेंगे। इसके अतिरिक्त ढाई दिन के झोपडे के स्थान का भी ले आउ्ट तैयार किया जा रहा है। ले आउ्ट के मान से वहां भी अन्य आवश्यकता के अनुसार दुकानों का ले आउ्ट तैयार कर दुकाने पारदर्शी तरीके से आंवटित की जायेगी।

बैठक में नपाध्यक्ष व सभापतिगणों को अवगत कराया गया कि इस बार नपा ने दुकानों का शुल्क भी बढाया है जिसकी सूचना नपा के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जायेगी। कोई भी व्यवसायी आगामी समय में नपा कार्यालय से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकेगा। बैठक में अवगत कराया कि पशुपतिनाथ महादेव मेला में लगभग एक हजार व्यवसायियों को व्यवसाय करने का अवसर मिले इसके लिये प्रयास किये जा रहे है। बैठक में मेला में होने वाले सांस्कृतिक रंगमंचीय कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम बहुत अच्छे से हो इसके लिये आवश्यक टेंडर प्रक्रिया समय पूर्व ही की जाये। इस पर भी चर्चा हुई। लाईट, साउण्ड, टेंट, सीसीटीवी कैमरे के टेंडर जारी किये जा रहे है। मेला की व्यवस्थाये मेला प्रारंभ होने की तिथि से पूर्व ही कर दी जाये इसके लिये मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह को नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। मुख्य नगरपालिका अधिकारी समस्त व्यवस्थाओं को दीपावली पूर्व ही मूर्त रूप दे देंगे ताकि पशुपतिनाथ महादेव का यह मेला भव्य व ऐतिहासिक हो।

# शिव भक्तों ने भारत से ही किए कैलास पर्वत के दर्शन, अब नहीं जाना पड़ेगा चीन

**धारचुला, 04 अक्टूबर।** कैलास मानसरोवर की यात्रा न सिर्फ धार्मिक है बल्कि बेहद रोमांचक भी है। कैलास मानसरोवर की यात्रा के जरिये कैलास पर्वत के दर्शन करने के लिए अब तक तीर्थ यात्रियों को पड़ोसी देश चीन जाना होता था। लेकिन, अब वे भारत से ही कैलास पर्वत के दर्शन कर सकते हैं। इस बात को सुनने के बाद मन में पहला सवाल आता है कि आखिर भारत से कैलास पर्वत के दर्शन कैसे किये जा सकते हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित पुराने लिपुलेख शिखर से कैलास पर्वत के साथ ही ओम पर्वत के भी दर्शन कर सकते हैं।



तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे में शामिल लोग 3 अक्टूबर को पुराने लिपुलेख शिखर से कैलाश पर्वत के भव्य दर्शन भी कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने ओम पर्वत को भी निहारा। इसके बाद वे आदि कैलास की यात्रा पर निकल गए हैं। इस साल जुलाई में उत्तराखंड सरकार ने कहा था कि शिव के भक्त 15 सितंबर से भारतीय सीमा के भीतर स्थित 18,300 फीट ऊंचे पुराने लिपुलेख दर्रे से तिब्बत में स्थित पवित्र कैलास पर्वत के दर्शन कर सकते हैं।

### 5 साल से रुकी है कैलास मानसरोवर यात्रा...

बता दे कि कोरोना काल की वजह से कैलास मानसरोवर यात्रा पिछले 5 साल से रुकी हुई थी और श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि कब उन्हें कैलास मानसरोवर के दर्शन का मौका मिलेगा। इस साल जब कैलास मानसरोवर के दर्शनो के लिए यात्रा शुरू हुई तो बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री और श्रद्धालु कैलास पर्वत के दर्शन करने के लिए पहुंचे।

पहले जत्थे के तीर्थयात्रियों में शामिल नीरज मनोहर लाल चौकसे और मोहिनी नीरज चौकसे कैलास पर्वत के दर्शन करके भावविभोर हो गए। नीरज चौकसे ने भारत से ही दर्शन कराने के लिए सरकार का आभार जताया और कहा कि यह शिव भक्तों के लिए एक वरदान साबित होगा। चंडीगढ़ के अमनदीप कुमार जिंदल खुद को किस्मत वाला समझते हैं कि साफ मौसम के कारण उन्हें पुराने लिपुलेख से कैलास पर्वत के दर्शन हुए।

### कैसे मिली यह जगह..?

सवाल यह है कि कैलास पर्वत के दर्शन के लिए पुराने लिपुलेख में यह जगह कैसे मिली। इस जगह को कुछ महीने पहले उत्तराखंड पर्यटन, बीआरओ और आईटीबीपी की एक टीम ने खोज निकाला था। इसके बाद उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने कैलास पर्वत, आदि कैलास और ओम पर्वत के दर्शन का पैकेज शुरू करने के लिए तैयारियां शुरू की।

उत्तराखंड पर्यटन विभाग को भारत की जमीन से कैलास पर्वत, आदि कैलास और ओम पर्वत के दर्शन कराने में सफलता मिली है, यह खबर कैलास पर्वत का दर्शन करने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है।

### सरकार ने शुरू किया 5 दिवसीय टूर पैकेज ...

उत्तराखंड विकास परिषद की पहल पर कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने 5 दिवसीय यात्रा पैकेज लांच किया है। इस पैकेज में श्रद्धालुओं को कैलास पर्वत, आदि कैलास और ऊँ पर्वत के दर्शन कराए जाते हैं। इस पैकेज के तहत ही पहले पांच सदस्यीय दल ने गुरुवार को कैलाश पर्वत के दर्शन किए थे। इन श्रद्धालुओं को बुधवार को हेलीकॉप्टर से पिथौरागढ़ के गुंजी पहुंचाया गया था, जहां से सड़क मार्ग से उन्हें ओल्ड लिपुलेख से ओम पर्वत और कैलास पर्वत के दर्शन कराए गए।

### क्या कहते हैं धर्म शास्त्र..?

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव के पांच निवास स्थान हैं, जिनमें से तीन – किन्नौर कैलास, मणि महेश कैलास और श्रीखंड महादेव कैलास हिमाचल प्रदेश में हैं, आदि कैलास उत्तराखंड में है और कैलास पर्वत चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित है। कैलास पर्वत हिमालय की सबसे उंची चोटियों में से एक है। यह पर्वत हिंदू धर्म के अलावा बौद्ध, जैन धर्म के अनुयायियों के लिए भी धार्मिक आस्था का केंद्र है।

हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों का मानना है कि कैलास मानसरोवर झील को भगवान ब्रह्मा ने बनाया था और इस झील में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। जबकि, बौद्ध धर्म में कैलास पर्वत को माउंट मेरु कहा जाता है और इसे बौद्ध ब्रह्मांड विज्ञान में भी महत्वपूर्ण जगह प्राप्त है। बौद्ध धर्मग्रंथों के अनुसार, बुद्ध के जन्म से पहले रानी माया को देवताओं ने इस झील के जल से स्नान कराया था। कैलास मानसरोवर यात्रा के दौरान कई यात्री पवित्र गौरीकुंड में जाते हैं और भगवान शिव और देवी पार्वती के मंदिर में आशीर्वाद लेते हैं। कैलास मानसरोवर यात्रा निश्चित रूप से रोमांचक है। यह आध्यात्मिक यात्रा भी है जो यात्रियों को शानदार प्राकृतिक दृश्यों और पवित्र स्थलों के दर्शन कराती है। आप अपनी यात्रा की शुरुआत उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित काठगोदाम या दिल्ली से कर सकते हैं और पिथौरागढ़, धारचूला, गुंजी और नाबी में रुक सकते हैं। आदि कैलास यात्रा के लिए केएमवीएन भी जरूरी इंतजाम करता है। धारचूला से शुरू होने वाली इस यात्रा में बर्फ से ढकी चोटियों, सुंदर घाटियों और झीलों के दर्शन होते हैं। साथ ही स्थानीय संस्कृतियों के साथ घुलने-मिलने और गांवों के लोगों के साथ बातचीत करने का भी मौका तीर्थयात्रियों को मिलता है। यहां जाने के लिए धारचुला से परमिट लेना पड़ता है। जिसे कई जगह जांचा जाता है।

## रतलाम से खरीद कर मुंबई ले जाई जा रही...

# करोड़ों की ड्रग्स पुलिस द्वारा बरामद

**रतलाम, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की ताल पुलिस द्वारा चार आरोपियों से बरामद की गई करोडो रुपए की एमडी ड्रग्स रतलाम में किसी व्यक्ति से खरीदी गई थी और इसे मुंबई ले जाया जाना था। पकडे गए चारों आरोपी ड्रग के कोरियर थे, जिन्हे एमडी खरीदने के लिए मुंबई के किसी व्यक्ति ने 27 लाख रु. दिए थे।



उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पुलिस कंट्रोल रुम पर आयोजित प्रेस वार्ता में दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा और आलोट की एसडीओपी शाबेरा अंसारी भी प्रेस वार्ता में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले की ताल पुलिस ने गुरुवार को मुबई निवासी मोहम्मद नदीम पिता मोहम्मद आरिफ शेख, उसकी पत्नी सबा उर्फ फकरुन्निसा, सुल्तान एहमद और सलमान मोहम्मद नामक चार व्यक्तियों को पकड कर उनके कब्जे से करीब तीन करोड रु. मूल्य की तीन किलो एमडीएम ड्रग और 1 किलो 898 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया था। इनसे हुई प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उक्त चारों को कोरियर के रुप में इस्तेमाल किया जा रहा था। मुंबई के किसी व्यक्ति ने इन्हे 27 लाख रु. दिए थे और ये चारो लोग ट्रेन से रतलाम आए थे। इन्होने रतलाम में आकर किसी व्यक्ति से तीन किलो एमडीएमए ड्रग खरीदा था। पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपियों का मुखिया मोहम्मद नदीम मुंबई में जूते चप्पल की दुकान लगाता है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि ड्रग्स खरीदने के लिए रुपए देने वाले मुंबई के व्यक्ति और रतलाम में ड्रग बेचने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए आरोपियों से गहन पूछताछ की जाना है, इसके लिए पुलिस ने न्यायालय से आरोपियों का रिमाण्ड मांगा है। एसपी अमित कुमार के मुताबिक इससे पहले तक एमडी जैसे आधुनिक ड्रग्स मुंबई से रतलाम लाए जाते थे, लेकिन ये संभवत: पहला मौका है, जब रतलाम से ड्रग्स मुबई भेजा जा रहा था। यह चौंकाने वाली बात है। इस बात की पूरी संभावना है कि रतलाम या इसके आसपास कहीं एमडीएमए बनाया जा रहा हो, और देश के अन्य भागों में इसकी सप्लाय की जा रही हो। इतना ही नहीं ड्रग तस्करों ने अपने तौर तरीको में भी काफी बदलाव किया है। ड्रग तस्करों का मानना है कि आमतौर पर किसी महिला के साथ होने पर संदिग्ध व्यक्ति पर कम ध्यान दिया जाता है और यदि कोई व्यक्ति पूरे परिवार के साथ हो तो उसकी जांच पडताल में शिथिलता बरती जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आरोपी नदीम अपने साथ न सिर्फ अपनी पत्नी सबा उर्फ फकरुन्निसा को लेकर आया था, बल्कि अपने दो नन्हे बच्चे भी साथ लेकर आया था।

आरोपियों से पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि उन्होने ड्रग्स रतलाम में किस व्यक्ति से खरीदी थी और मुंबई में अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिए गए 27 लाख रु. का भुगतान रतलाम में किया गया था या नहीं? यह भी पुलिस की जांच का विषय है कि असल में ड्रग्स का सौदा कितने रुपए में हुआ था और इसका भुगतान कैसे और किसने किया था? एसपी अमित कुमार के मुताबिक पूरे संभाग में मादक पदार्थों की इतनी बडी मात्रा में जब्ती का संभवत: पहला मौका है। इससे पहले एक बार इन्दौर में इससे अधिक मात्रा में एमडीएमए बरामद किया गया था। भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद करने में निरी पतिराम डावरे थाना प्रभारी थाना ताल, उनि दिनेश राठौड़ चोकी प्रभारी खारवाकला, सउनि आर सी भम्भोरिया, सउनि मदन सिंह डोडिया, प्रआर 750 कमल सिंह, आर 1033 विश्वेन्द्र, आर 997 सोहन परिहार, आर 1158 देवेन्द्र कायस्थ, आर 1147 प्रिया ठाकुर, आर. राहुल पाटीदार, आर. ईश्वर धाकड, आर. विश्वेन्द्र, आरर. हरिशंकर, सैनिक नेपाल सिंह एवं सायबर सेल रतलाम के प्र.आर. मनमोहन शर्मा, प्र.आर. लक्ष्मीनारायण सुर्यवंशी, प्र.आर. हिम्मतसिंह, आर. विपुल भावसार, आर. मयंक व्यास का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस की इस बडी सफलता पर एसपी अमित कुमार ने मादक पदार्थ बरामद करने वाली पुलिस टीम को दस हजार रु. के नगद पुरस्कार की घोषणा भी की है।

# वेबसाइट बंद होने से बुजुर्ग हो रहे हैं परेशान

## आयुष्मान भारत योजना की वेबसाइट बंद होने से आवेदन प्रक्रिया बाधित

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला चिकित्सालय में आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों र्को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए विशेष आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। यह योजना बुजुर्गों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो सकती है, क्योंकि इसमें उन्हें पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सरकारी और निजी अस्पतालों में मिल सकता है। इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की सेहत का ध्यान रखना है, खासकर वे बुजुर्ग जिन्हें महंगे इलाज का खर्च वहन करने में मुश्किलें होती हैं।

**बुजुर्गों की समस्या: वेबसाइट बंद होने से आवेदन प्रक्रिया बाधित–** हालांकि, आयुष्मान योजना के तहत कार्ड बनाने की प्रक्रिया में हाल ही में तकनीकी समस्याएं आई हैं। पिछले तीन दिनों से योजना की आधिकारिक वेबसाइट pmjay.gov.in Am¡a https://beneficiary.nha.gov.in पर तकनीकी खराबी के चलते बुजुर्गों र्को आवेदन करने में मुश्किलें आ रही हैं। जिला अस्पतालों में स्थित आयुष्मान केंद्रों पर बुजुर्ग बार-बार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड रहा है। उन्हें सिर्फ यही जानकारी दी जा रही है कि वेबसाइट बंद होने की वजह से उनका फॉर्म नहीं भरा जा सकता।

**कार्ड बनाने के लिए ऐप और पोर्टल से आवेदन अनिवार्य–** सरकार ने इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को डिजिटल रखा है। वरिष्ठ नागरिकों को विशेष आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने के लिए या तो pmjay.gov.in `m https://beneficiary.nha.gov.in पर जाना होगा, या फिर आयुष्मान ऐप डाउनलोड करके आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि का उपयोग किया जाएगा, जिससे उम्र का सत्यापन होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अगर किसी नागरिक की उम्र 70 वर्ष या उससे अधिक है, तो आधार कार्ड की जन्मतिथि के आधार पर उन्हें योजना का लाभ मिलेगा, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।

**जन आरोग्य योजना का दायरा और सुविधाएं–** आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में लगभग 30,000 अस्पतालों को पैनल में शामिल किया गया है। इनमें से 17,000 सरकारी और 13,000 निजी अस्पताल हैं। ये अस्पताल योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराते हैं। योजना का विस्तार वृद्धजनों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक नया आयाम स्थापित कर रहा है। खासकर, उन बुजुर्गों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता है।

**तकनीकी समाधान की आवश्यकता–** मंदसौर में वेबसाइट और ऐप के संचालन में आ रही दिक्कतें बुजुर्गों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। ऐसे में आवश्यक है कि सरकार इन तकनीकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करे ताकि बुजुर्ग इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठा सकें। वेबसाइट की सुचारू कार्यप्रणाली और हेल्पलाइन सेवाओं की बेहतर व्यवस्था बुजुर्गों के लिए आवश्यक है ताकि उन्हें बार-बार अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें और वे अपने घर से ही आसानी से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें। आयुष्मान भारत योजना बुजुर्गों के लिए एक अहम पहल है, जो उन्हें महंगे इलाज से राहत दिलाने में सहायक होगी। लेकिन वर्तमान में वेबसाइट की समस्या के चलते, इस योजना का लाभ उठाने में वे कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सरकार को शीघ्रता से इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए ताकि बुजुर्ग नागरिक आसानी से आवेदन कर सकें और इस स्वास्थ्य योजना का लाभ उठा सकें।

### राजस्व विभाग की टीम ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**नीमच, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसील जीरन के गांव हर बार में राजस्व विभाग की टीम द्वारा शासकीय तलाई की पाल पर अतिक्रामको द्वारा रोडियाँ डालकर अतिक्रमण कर रखा था, उक्त अतिक्रामक तहसीलदार जीरन द्वारा नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमण नही हटा रहे थे। उक्त अतिक्रमण के कारण न केवल तलाई का पानी गंदा हो रहा था बल्कि ऐसे किसान जिनके खेत तलाई के पार स्थित थे तथा पाल ही एकमात्र रास्ता था, को उक्त अतिक्रामको द्वारा रोक दिया था जिससे किसान खेतो मे पड़ी सोयाबीन तक नही ला पा रहे थे। तहसीलदार जीरन श्री नवीन गर्ग ने बताया कि शुक्रवार को पंचायत सरपंच सहित कई ग्रामवासी तहसील कार्यालय जीरन पहुँचे तथा तहसील दार नवीन गर्ग को समस्या से अवगत करवाया। तहसीलदार नवीन गर्ग द्वारा तत्काल एक राजस्व की टीम गठित कर नायब तहसील दार कमलेश डुडवे को उक्त अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

**✻ उठावना ✻**



मेरे जयेष्ठ पुत्र व स्व. किशनलाल, प्रहलाद के भतीजे, मुकेश के भाई, हरिप्रसाद, दिलीप, सुनील, संजय, उमेश के चचेरे भाई, आराध्य, सौरभ, शुभ, अक्षय, षभ, पर्व के बड़े पापा, डॉ. अन्वेषा, सीए आयुष के पिता श्री अनिल गुप्ता (सीए, इंदौर) का निधन हो गया है। उठावना 6 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे फरक्या मांगलिक भवन (बायपास मार्ग) पिपलियामंडी पर रखा है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**ओमप्रकाश गुप्ता, एडवोकेट, फरक्या परिवार (बालागुड़ा वाले) पिपलियामंडी**

# बेपटरी हुए मालगाड़ी के टैंकर

**[ बाल्टी-केन लेकर डीजल भरने टूट पड़े लोग ]**

**रतलाम, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** डीजल से भरी मालगाड़ी के दो टैंकर डिरेल (बेपटरी) हो गए। इस दौरान एक टैंकर पलट गया। गुरुवार रात 2 बजे तक टैंकर से डीजल रिसता रहा। सुबह लोगों को पता चला तो वे केन और बाल्टियों में डीजल भरकर ले गए। हादसे के कारण दो ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। 5 ट्रेनों को री-शेड्यूल किया गया। घटना रतलाम रेलवे स्टेशन से एक किमी दूर मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग के अप ट्रैक पर गुरुवार रात करीब 10 बजे की है। इस दौरान डिरेल हुए टैंकरो से डीजल रिसने लगा। जो समीप स्थित नाली में जमा हुआ। लोगो को पता चला तो सुबह भीड़ उस डीजल पर टूट पड़ी और बाल्टी, केन में भरकर ले गई।

डीआरएम रजनीश कुमार ने बताया, गुड्स ट्रेन बडौदा से भोपाल के पास मकानिया डिपो जा रही थी। इस दौरान, ट्रेन रतलाम ई-केबिन के बीच दो वैगन (टैंकर) डिरेल हो गए। हादसे के कारण दिल्ली-मुंबई डाउन लाइन प्रभावित हुई। कुछ देर रतलाम के आसपास स्टेशन पर ट्रेनें रोकी गई। रात 12 बजे बाद अप लाइन से मुबंई-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों को निकाला गया। डिरेल वैगन को छोड़कर बाकी वैगन को रवाना किया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### रात 1 बजे मौके पर पहुंचे कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी...

रात करीब 1 बजे कलेक्टर राजेश बाथम, अपर कलेक्टर आरएस मंडलोई भी घटना स्थल पर पहुंचे। इससे पहले एसडीएम अनिल भाना, सिटी तहसीलदार समेत पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए थे। मौके पर बांगरोद इंडियन ऑयल डिपो से भी अधिकारियों को बुलाया गया। जेसीबी बुलाकर आसपास मौजूद पेड़-पौधों को हटाया गया। डीजल टैंक खाली करने के लिए पाइप व अन्य साधन के साथ क्रेन भी बुलाई गई। हादसे की आशंका को देखते हुए रेत से भरी बोरियां भी मंगवाई गई। आरपीएफ के जवान वैगन के पास सुरक्षा के लिए तैनात रहे।

### सुबह बाल्टियों में भर ले गए डीजल...

टैंकर से रिसा डीजल नाली में बह गया। सुबह जैसे ही लोगों को पता चला तो आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। इस दौरान डीजल ले जाने वालों की भीड़ लग गई। सभी लोग बल्टियां, बर्तन और कैन लेकर पहुंच गए। लोग नालियों में बहते डीजल को भरकर ले गए।

# मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ दिलाई

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पीएम एक्सीलेंस कॉलेज मंदसौर के प्राचार्य डॉ.डी.सी. गुप्ता ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, म. प्र. शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मद्य निषेध सप्ताह गांधी जयंती 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा।



जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराया जाकर, नशा सेवन प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जनजागृति एवं चेतना निर्माण किया जाकर मध्यप्रदेश को नशामुक्त बनाना है। जिसके तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता द्वारा नशे के सेवन से दूर रहने हेतु नशा मुक्ति शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्य डी.सी. गुप्ता ने विद्यार्थियों को कहा कि हमें मादक द्रव्यों का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे हमारी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। बुद्धि के नाश होने पर नशे के सेवन करने वाले का सर्वनाश हो जाता है। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने कहा कि नशा सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। नशे से दूर रहने के लिए हमें दृढ संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजकपूर वर्मा, प्रो. आर.एस. सोनी, प्रो. कविश पाटीदार, मुख्य लिपिक श्री धर्मेन्द्र आर्य समेत महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## चार थाना प्रभारियों को बदला

**मंदसौर, 04 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने भानपुरा व भावगढ़ के थाना प्रभारियों को हटाकर उनके स्थान पर अन्य निरीक्षकों को पदस्थ किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भावगढ़ थाना प्रभारी रानी बेग को मंदसौर महिला थाना प्रभारी व अजाक थाना प्रभारी राजेन्द्रसिंह बघेल को थाना प्रभारी भावगढ़ का प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह महिला थाना प्रभारी रमेशचंद दांगी को भानपुरा तथा भानपुरा थाना प्रभारी रोहित कछावा को थाना प्रभारी अजाक का दायित्व सौंपा गया है।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी रामटेकरी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.A15/1 श्री कृष्णवल्लभ डबकरा पिता श्री मथुरालाल डबकरा को वर्ष 1976 में आवंटित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 04.05.1994 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित किया गया था। आवंटी श्री कृष्णवल्लभ डबकरा पिता श्री मथुरालाल डबकरा द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री हरीश विजयवर्गीय पिता श्री प्रेमदास उर्फ प्रेमचंद्र विजयवर्गीय को कर विक्रय पत्र दिनांक 19.12.2011 एवं संशोधित विक्रय पत्र दिनांक 24.07.2023 को इनके पक्ष में निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्री हरीश विजयवर्गीय पिता श्री प्रेमदास उर्फ प्रेमचंद्र विजयवर्गीय भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक LIG.A15/1 रामटेकरी मंदसौर का नामान्तरण श्री हरीश विजयवर्गीय पिता श्री प्रेमदास उर्फ प्रेमचंद्र विजयवर्गीय के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटीयानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG 1-394 श्री ओमप्रकाश व्यास पिता श्री मदनगोपाल व्यास को मण्डल आदेश क्रमांक 243 दिनांक 16.02.1993 द्वारा आवंटित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 11.11.1993 उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री ओमप्रकाश व्यास पिता श्री मदनगोपाल व्यास का स्वर्गवास दिनांक 28.07.2022 एवं इनकी पत्नी श्रीमती शांतिदेवी व्यास पति स्व. श्री ओमप्रकाश व्यास का स्वर्गवास दिनांक 05 .10.2023 को हो जाने से इनके एक मात्र पुत्र श्री मनीष कुमार व्यास पिता स्व. श्री ओमप्रकाश व्यास अपन बहनों 1. श्रीमती सुनीता कुमारी शर्मा पति लोकेश कुमार शर्मा 2. श्रीमती मीना शर्मा पति सत्यनारायण शर्मा 3. श्रीमती वर्षा शर्मा पति श्री नरेश शर्मा की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री मनीष कुमार व्यास पिता स्व. श्री ओमप्रकाश व्यास अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति संस्था/ परिवार के सदस्य/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामांतरण श्री मनीष कुमार व्यास पिता स्व. श्री ओमप्रकाश व्यास के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कालोनी कम्बल केन्द्र मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG A-02 श्रीमती प्रेमकुमारी पाटनी पति स्व. श्री चांदमल पाटनी को मण्डल आदेश क्रमांक 1482 दिनांक 04.09.2013 द्वारा नामांतरित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन का लीज नवीनीकरण दिनांक 09.11.2021 को उपपंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्रीमती प्रेमकुमारी पाटनी पति स्व. श्री चांदमल पाटनी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री ध्यानेश्वर कालानी पिता श्री दामोदर कालानी को कर विक्रय पत्र दिनांक 23.08. 2024 इनके पक्ष मे निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री ध्यानेश्वर कालानी पिता श्री दामोदर कालानी अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य को आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनाक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री ध्यानेश्वर कालानी पिता श्री दामोदर कालानी के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक LIG-A-53 श्री रत्तीलाल पारख पिता श्री गिरधरदास पारख को मण्डल आदेश क्रमांक 9879 दिनांक 16 .10.1985 आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 15.05.2006 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री रत्तीलाल पारख पिता श्री गिरधरदास पारख का स्वर्गवास दिनांक 30.06.2012 को हो जाने से इनके एक मात्र पुत्र श्री हरीश पारीख पिता श्री रत्तीलाल पारख अपनी माता श्रीमती शोभना पारख पति स्व. श्री रत्तीलाल पारख की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्री हरीश पारीख पिता श्री रत्तीलाल पारख अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस मे मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री हरीश पारीख पिता श्री रत्तीलाल पारख के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधीनगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक E-77 श्री महेन्द्र सिंह पिता श्री सबाई सिंह राठौर को मण्डल आदेश क्रमांक. 290 दिनांक 21.01.2014 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27.09.2014 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री महेन्द्र सिंह पिता श्री सबाई सिंह राठौर द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती पूजा मालवीय पति श्री सुनील भावसार एवं श्री सुनील भावसार पिता श्री गोपाल भावसार को कर विक्रय पत्र दिनांक 12.08.2024 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती पूजा मालवीय पति श्री सुनील भावसार एवं श्री सुनील भावसार पिता श्री गोपाल भावसार संयुक्त रूप से अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन श्रीमती पूजा मालवीय पति श्री सुनील भावसार एवं श्री सुनील भावसार पिता श्री गोपाल भावसार के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.1-47 श्री कमलेश तिवारी पिता श्री आनंदीलाल तिवारी को मण्डल आदेश क्रमांक 1010 दिनांक 18.05.2009 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन विक्रय विलेख दिनांक 04.08.2010 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित किया गया था। श्री कमलेश तिवारी पिता श्री आनंदीलाल तिवारी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री राजेश श्रीमाल पिता श्री मोतीलाल श्रीमाल को कर विक्रय पत्र दिनांक 05.07.2012 को इनके पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री राजेश श्रीमाल पिता श्री मोतीलाल श्रीमाल द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री दशरथ रत्नावत पिता श्री किशनलाल रत्नावत एवं श्रीमती धापूबाई रत्नावत पति श्री दशरथ रत्नावत को कर विक्रय पत्र दिनांक 09.05.2022 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री दशरथ रत्नावत पिता श्री किशनलाल रत्नावत एवं श्रीमती धापूबाई रत्नावत पति श्री दशरथ रत्नावत संयुक्त रूप से अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस मे मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री दशरथ रत्नावत पिता श्री किशनलाल रत्नावत एवं श्रीमती धापूबाई रत्नावत पति श्री दशरथ रत्नावत के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

# संस्कृति और विरासत को सम्मान
# तरक्की बनी हमारी पहचान



अमर बलिदानी
रानी दुर्गावती
को शत-शत नमन

## वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वें जन्म जयंती वर्ष पर

### उनकी राजधानी सिंग्रामपुर में नारी सशक्तिकरण और सम्मान को समर्पित

## मंत्रिपरिषद बैठक का आयोजन

एवं

## मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव

द्वारा



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹1574 करोड़**

**55 लाख से अधिक हितग्राहियों को ₹332.71 करोड़ की सामाजिक सुरक्षा पेंशन**

**24 लाख से अधिक बहनों को ₹450 में गैस रीफिल योजना के ₹28 करोड़ का अंतरण**



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**5 अक्टूबर, 2024 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । सिंग्रामपुर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश**

### जनजातीय विकास के लिए प्रतिबद्ध प्रयास

- पीएम जन-मन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करते हुए ₹7300 करोड़ से आंगनवाड़ी केंद्र, छात्रावास, सड़क, पुल और आवास आदि का निर्माण
- बैगा, सहरिया और भारिया जनजाति की बटालियन बनाने के लिए शौर्य संकल्प योजना
- नेवी, आर्मी, एयरफोर्स, सी.आर.पी.एफ., सी.आई.एस.एफ., आई.टी.बी.पी., बी.एस.एफ. आदि में भर्ती हेतु प्रशिक्षण
- आकांक्षा योजना में जे.ई.ई., क्लैट, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग
- पी.एस.सी., सिविल सेवा, बैंक, एस.एस.सी. आदि के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण
- प्रत्येक वर्ष 50 अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति का लक्ष्य
- विशेष पिछड़ी जनजातीय जिलों में कौशल विकास केंद्र
- जनजातीय ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के लिए पेसा नियम लागू, एक करोड़ से अधिक नागरिक लाभान्वित
- भगवान बिरसा मुंडा स्व-रोज़गार, टंट्या भील आर्थिक कल्याण योजना, विशेष वित्त पोषण परियोजना द्वारा स्व-रोज़गार ऋण
- 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 82 आवासीय कन्या शिक्षा परिसर एवं बालकों हेतु 8 आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित
- तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक ₹3 हजार से बढ़कर हुआ ₹4 हजार
- प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में चयनित 7307 गांवों में बुनियादी सुविधाओं का निर्माण
- विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया और भारिया परिवारों की 2.14 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को पोषण आहार के लिए प्रतिमाह ₹1500 का आहार अनुदान
- सभी जनजातीय विकासखंडों में 'सिकल सेल उन्मूलन मिशन' लागू
- 'मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम' योजना में जनजातीय गांवों में सीधा पहुंच रहा राशन
- पारंपरिक जनजातीय शिल्पकलाओं को आजीविका से जोड़ने के लिए चयनित जनजातीय कला/उत्पादों की जी.आई. टैगिंग, गोंड पेंटिंग को जी.आई. टैग प्राप्त
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ₹170 करोड़ की लागत से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- नई शिक्षा नीति में वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी की वीरगाथा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने का निर्णय
- छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय को राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के रूप में मिली पहचान

D-11075/24

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP #Singrampur_MP

**मध्यप्रदेश शासन**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in